हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

11 पूर्व विधायक ने महंगाई पर सरकार को घेरा



12 सनातन रक्षा दल ने निकाली शोभा ध्वजा यात्रा



## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा पलटने से बच्चा घायल, पीजीआई रेफर

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर के निकट ई-रिक्शा पलटने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। घायल की पहचान गगन के रूप में हुई है। अस्पताल में मौजूद युवक वीर ने बताया कि वे सराय औरंगाबाद में रहते हैं। रविवार को ओमेक्स से ई रिक्शा में सवार हुए। उसके साथ बुआ का लड़का गगन भी था। जब पटेल नगर में डीएस आर्य स्कूल के निकट पहुंचे तो अचानक रिक्शा पलट गई। दुर्घटनावश गगन रिक्शा के नीचे दब गया। उसके सिर सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। इसके बाद राहगीरों ने उसको संभाला। आनन फानन में नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। यहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। अस्पताल की ओर से पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार, केस



**बहादुरगढ़।** ईस्सरहेड़ी में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से काफी शराब व बीयर बरामद की गई है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि मायागार्डन ईस्सरहेड़ी का निवासी कमल दुकान के पीछे बने स्टोर में अवैध रूप से शराब बेचता है। इस सूचना पर टीम ने छापा मारा। आरोपी को काबू किया। उसके पास से 48 पव्वे, 15 हाफ और दो पेटी बीयर की बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है।

### एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम 12 को

**झज्जर।** जय बाबा लखदातार मित्र मंडल द्वारा शहर के सीताराम गेट स्थित सामुदायिक भवन में आगामी बारह अप्रैल को एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रधान मुकेश सैनी ने बताया कि उनके मंडल द्वारा आयोजित होने किए जाने वाले इस पंचम श्रीश्याम वार्षिकोत्सव एवं भंडारा कार्यक्रम में श्रीश्याम बाबा का भव्य दरबार, श्रीश्याम रसोई, छप्पन भोग आकर्षन का केंद्र रहेंगे। इस दौरान स्थानीय गायक कलाकार योगेश रंजन व धर्मेंद्र बसवाल, दिल्ली से साक्षी चौपड़ा, जयपुर से मुकेश बांगड़ा, पलवल से सुमन तंवर बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वार्षिकोत्सव में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा, नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी व भाजपा नेता राजकुमार कटारिया को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# छारा में तीन लोगों पर धारदार हथियारों से हमला, हवाई फायरिंग से गांव में दहशत

■ दर्जनभर लोगों पर हमला करने का आरोप, पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव छारा में दर्जनभर से अधिक लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। कस्सी, लाठी, डंडे और नुकीले हथियारों से वार किए गए। हवाई फायर करने की भी बात सामने आई है। हमले में बीच बचाव के लिए आने वाले एक व्यक्ति को अधिक चोट आई है। हमले की वजह तफ्तीश का विषय है।

#### हाथापाई करने लगे

मांडोठी चौकी पुलिस ने फिलहाल पीड़ित पक्ष की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छारा के निवासी नीरज का कहना है कि शुक्रवार को वह छारा की अनाज मंडी से अपने घर की तरफ जा रहा था। माटू हलवाई की दुकान के पास पहुंचा तो वहां दर्जनभर से अधिक लोग हमारे




गांव के मोनू के साथ हाथापाई कर रहे थे। तब मैं व विजय वहां गए और उन युवकों से कहा कि क्यों झगड़ा कर रहे हो। इतना कहते ही, उन हमलावरों में से एक ने मुझ पर कस्सी से हमला किया और दूसरे ने रॉड मारी। नीचे गिराकर लात, मुक्कों से प्रहार किए। बचने के लिए मोनू और विजय भागने लगे तो उन्हें भी रोककर पीटा गया। इस दौरान एक युवक ने मेरे पेट में नुकीले हथियार से भी वार किया। जाते जाते उन्होंने दहशत फैलाने के मकसद से हवाई फायर किए और धमकी देकर

■ पुलिस अधिकारियों को बसों के विवाद में मारपीट की आशंका

चले गए। इसके बाद मुझे अस्पताल ले जाया गया।

उधर, सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हमले की वजह तफ्तीश का विषय है लेकिन चर्चा है कि बसों के विवाद के चलते यह घटनाक्रम हुआ। मामले में मांडोठी निवासी दो युवकों के नाम भी सामने आए हैं। चौकी प्रभारी जयभगवान का कहना है कि छारा में झगड़े की सूचना मिली थी। एक पक्ष की ओर से शिकायत आई है। उस आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिसकर्मी बनकर ज्वेलर्स से ठगी

■ बिना पैसे दिए ज्वैलरी शॉप से मंगलसूत्र और टॉप्स ले गया

**बहादुरगढ़।** खुद को दिल्ली पुलिसकर्मी बताने वाले शातिर शख्स ने यहां के एक ज्वैलरी शॉप संचालक को चपत लगा दी। पत्नी को दिखाने के नाम पर मंगलसूत्र व कानों के टॉप्स ले गया लेकिन वापस नहीं आया। शॉप मालिक की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सेक्टर 9ए के निवासी रोहित के साथ हुई है। रोहित का कहना है कि पुराना नजफगढ़ रोड पर उसकी आभूषणों की दुकान है। नरेश नाम का एक व्यक्ति आर्य नगर में किराये पर रहता है। वह खुद को दिल्ली पुलिस कर्मी बताता है और दो, तीन बार हमारी दुकान पर आया है। एक बार चांदी का कुछ सामान लेकर गया, तब पैसे दे गया था। हाल ही में दो अप्रैल को वह फिर से दुकान पर आया। वह सोने के आभूषण देखने लगा। उसने 21.140 ग्राम का मंगलसूत्र और सात ग्राम के टॉप्स लिए। फिर कहने लगा कि पत्नी को दिखाकर आता हूं। वह चला तो गया लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद फोन किए तो टरकाने लगा। कभी कहता आ रहा हूं, कभी कहता बाहर हूं। इसके बाद अब हम उसके घर गए तो ताला लगा हुआ था। उसके व उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। अब तक उसे अपने स्तर पर ढूंढते रहे लेकिन कहीं नहीं मिला। उधर, सिटी पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। बता दें कि वीरवार को यहां महालक्ष्मी ज्वैलर्स से भी एक शातिर चांदी के आभूषण चुरा ले गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चलती ट्रेन से महिला का बैग छीनकर युवक फरार, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक एक्सप्रेस गाड़ी में महिला के साथ छीना झपटी की वारदात हो गई। शातिर युवक उससे बैग छीनकर चलती गाड़ी से कूद गया। बैग में सोने, चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल सहित जरूरी दस्तावेज थे। महिला की शिकायत पर जीआरपी बहादुरगढ़ ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात कालीरावण गांव की निवासी नेहा के साथ हुई है। नेहा का कहना है कि गत तीन अप्रैल को वह अपनी मां व दोनों बच्चों के साथ कमलापती स्टेशन से पातालकोट एक्सप्रेस में सवार होकर उचाना जा रही थी। बहादुरगढ़ पहुंचने पर गाड़ी रुक गई। जैसे ही गाड़ी चलनी शुरू हुई तो एक युवक नजदीक आया। उसने जबरदस्ती बैग छीन लिया और चलती गाड़ी से कूद गया। हमने शोर मचाया लेकिन शातिर भाग निकला। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

बैग में मोबाइल, सोने के कानों के टाप्स, पायल, दो चश्में, ब्लूटूथ, 5500 रुपये व डेबिट कार्ड आदि जरूरी दस्तावेज थे। उधर, शिकायत के आधार पर जीआरपी बहादुरगढ़ ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### बहादुरगढ़ में करंट लगने से श्रमिक की मौत

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में करंट लगने से श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम और आगे की कार्रवाई होगी। मृतक की पहचान रोशन के रूप में हुई है। रोशन उत्तर प्रदेश के हरदोई का रहने वाला था। यहां टीकरी कलां स्थित कच्ची कॉलोनी में रहता था। एमआईई पार्ट बी में स्थित एक कंपनी में काम करता था। शनिवार को वह कंपनी में ड्यूटी पर गया। बताते हैं कि रविवार की अल सुबह करीब चार बजे वह वाटर कूलर पर पानी पीने गया। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। जब तक साथी कर्मचारी उसे संभालते, देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वेदांत आश्रम में हुआ पट्टाभिषेक समारोह, देशभर से पहुंचे संत



बहादुरगढ़। पट्टाभिषेक कार्यक्रम में उपस्थित संत महात्मा व अन्य।

**बहादुरगढ़।** श्री वेदांत आश्रम सेवा न्यास द्वारा रविवार को पट्टाभिषेक समारोह एवं रामनवमी महोत्सव आयोजित किया गया।

परनाला रोड स्थित वेदांत आश्रम में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि जी महाराज ने की। कार्यक्रम में महंत ब्रह्मस्वरूप, सुधर्म चेतन्य, डॉ. प्रेमानंद, डॉ. मुक्तानंद पुरी, विवेक मुनि, बालक नाथ अवदूत समेत कई संत, पंथ एवं दशनाम अखाड़ों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भाजपा संत व डेरा समन्वय विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक राठी ने आयोजन के लिए सभी संतों को बधाई दी। इस मौके पर श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

### जाखोदा में फंदे पर लटका मिला प्रवासी युवक

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में एक प्रवासी युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मानसिक परेशानी से तंग आकर युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान सुमित के रूप में हुई है। यूपी के फरुखाबाद का रहने वाला था। यहां जाखोदा स्थित एक मकान में किराये पर रहता था। सेक्टर-17 स्थित एक कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, शनिवार को वह अपने कमरे पर ही था। इस दौरान किसी की नजर पड़ी तो वह फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में ले जाया गया। मृतक सुमित के चचेरे भाई दीपांशु के बयान के आधार पर पुलिस ने आगामी कार्रवाई की। मानसिक परेशानी से तंग आकर युवक द्वारा फांसी लगाने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीआरजी के 11 धावकों ने जीते इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ 9 किमी. चैलेंज रन में देशभर के 350 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया

हेल्थ फिटनेस ट्रस्ट द्वारा चाणक्यपुरी में 9 किलोमीटर चैलेंज रन का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के 350 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छह आयु वर्गों में पुरुष एवं महिला कैटेगरी में शीर्ष 3 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एशियन मैराथन गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. सुनीता गोदारा व डॉ. अमन भाटला ने हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना किया। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के 35 धावकों ने इसमें भाग लिया। दीपक छिल्लर ने बताया कि बीआरजी के 11 धावकों ने इसमें पुरस्कार जीते। हेमदत्त ने ओपन 9 किलोमीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुषों की 30–40 वर्ष आयुवर्ग में प्रीतम कुमार ने पहला, सेवा राम ने द्वितीय और गुलाब सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं पुरुषों के 40–50 वर्ष आयुवर्ग में शालभ खरे तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं की 40–50 वर्ष आयुवर्ग में ललिता पांडे ने द्वितीय स्थान पाया। पुरुषों के 50–60 वर्ष आयुवर्ग में धर्मवीर ने पहला, राजेश कुमार ने दूसरा और राजेंद्र पाल ने चौथा स्थान हासिल किया। वहीं पुरुषों की 60–70 वर्ष आयुवर्ग में सुनील सिकरी ने पहला स्थान और अशोक कुमार शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा अनु राठी, कविता सिकरी, संतोष बंसल, ऋतु शर्मा, आशीष छिल्लर, दीपक छिल्लर, राजेश रघुवंशी, रोहतास, संजू, ब्रह्मप्रकाश मान, शमशेर सिंह, रजत कौशिक, अथर्व, राजीव कुमार, राकेश शर्मा व राहुल शर्मा आदि ने सफलतापूर्वक 9 किलोमीटर दौड़ लगाई।



बहादुरगढ़। दौड़ पूरी होने के बाद बीआरजी के विजेता धावक।

## 54 बच्चों को मिली नि:शुल्क किताबें

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में बना नि:शुल्क बुक बैंक जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए मददगार साबित हो रहा है। रविवार को भी यहां से 54 जरूरतमंद बच्चों ने अपने लिए आवश्यक पुस्तकें प्राप्त की। वहीं कुछ लोगों ने किताबें दान भी की। किताबों के बदले बच्चों से जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।

दरअसल, गांव सांखोल में संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति व जन सहयोग से बीते चार साल से यह बुक बैंक चल रहा है। अब तक यहां से 1600 से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थी किताबें प्राप्त कर चुके हैं। स्कूली शिक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक के लिए पुस्तकें उपलब्ध हैं। संस्था के सदस्यों का कहना है कि आजकल किताबें बहुत महंगी हैं। बहुत से बच्चे महंगी किताबें नहीं खरीद सकते। ऐसी स्थिति में उन बच्चों के लिए यह बुक बैंक मददगार साबित हो सकता है। कोई भी नागरिक यहां बच्चों के लिए किताबें दान कर सकता है।




बहादुरगढ़। बुक बैंक के बाहर ग्रामीणों के साथ बच्चे।

### बाथरूम में लटका मिला युवक, टाइल मिस्त्री था

**बहादुरगढ़।** बाढ़सा में स्थित एक बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर बने बाथरूम में युवक फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान तहजीब के रूप मे हुई है। बिहार का रहने वाला था। यहां बाढ़सा में रहता था और टाइल मिस्त्री के तौर पर काम करता था। नागरिक अस्पताल में मौजूद ठेकेदार मकसूद के अनुसार, तहतीब उसके पास ही काम करता था। इन दिनों हमने दो साइट पर काम ले रखा था। फिलहाल एक साइट पर काम बंद था। इस बंद साइट पर ही तहजीब ठहरा हुआ था। शनिवार की शाम को सूचना मिली कि उस बिल्डिंग की चौथी मंजिल के बाथरूम में तहजीब फंदे पर लटका हुआ है। इसके बाद तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## संदिग्ध हालत में प्रवासी श्रमिक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खेड़ी अमादलपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मूल रूप से बहराइच यूपी के जालिम नगर निवासी करीब 32 वर्षीय मगनपाल पुत्र खेलावन के तौर पर हुई है। अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के साथी पिंकू ने बताया कि मगनपाल पिछले करीब एक माह पहले यहां खेतों में कटाई का कार्य करने आया था। वह इस क्षेत्र में रहकर फसल कटाई का कार्य करता था। रविवार सुबह करीब छह बजे वह सैर को गया था जिसके बाद वह वापिस आकर अपनी झुग्गी में चारपाई पर लेट गया। इसके बाद जब उन्होंने देखा तो वह बेसुध था। वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मगनपाल दो पुत्रों व एक पुत्री का पिता था। सूचना मिलने उपरांत पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंच कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा इस संबंध में फिलहाल इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल में बैठे परिजन।

# परनाला गांव में बनेगा राठी खाप का चबूतरा

■ रविवार को गांव में हुई छह गांवों की पंचायत में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया जाएगा

राठी खाप पंचायत परनाला गांव में एक ऐतिहासिक चबूतरा बनाएगी। इसे लेकर रविवार को बुजुर्ग इंद्राज राठी की अध्यक्षता में छह गांवों के सर्वजातीय लोगों की बैठक गांव परनाला में हुई। चबूतरे के निर्माण की कवायद प्रधान रणबीर राठी की अगुवाई में आगे बढ़ाई जाएगी। जबकि सरपंच मुकेश अशोक राठी इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। रविवार को गांव परनाला में राठी खाप से जुड़े 6 गांवों की पंचायत हुई। इसमें परनाला, बहादुरगढ़, सांखोल, सराय औरंगाबाद, बालौर और माजरी के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। परनाला स्कूल के नजदीक राठी खाप का चबूतरा बनाने के लिए जमीन भी चिह्नित की गई है। राठी खाप के प्रधान रणबीर राठी ने बताया कि समाज में सकारात्मक भागीदारी के रूप में खाप अपना एक महत्वपूर्ण रोल अदा कर रही है। राठी खाप सामाजिक हितों के लिए हमेशा अग्रणी रही है। समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए समय-समय पर अनेक निर्णय लेकर समाज के ताने बाने को बचाने का काम निरंतर कर रही है। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने कहा कि ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं, वह दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

राठी खाप का अभी तक अपना चबूतरा नहीं था। हर खाप का अपना चबूतरा होता है। इसलिए यह चबूतरा बनाना जरूरी है। ग्राम पंचायत इसके लिए जमीन उपलब्ध करवाएगी। इस चबूतरे पर बैठकर खाप आपसी भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ निर्णय लेगी।



बहादुरगढ़। परनाला में हुई पंचायत में विचार रखते अशोक राठी।

### भाईचारे में खापों का अहम योगदान

पंचायत में गांव बालौर के सरपंच राजेश यादव, सराय औरंगाबाद के सरपंच राकेश राठी, परनाला के सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी, राज मास्टर, बलजीत सराय, जयपाल माजरी, जसवंत राठी बहादुरगढ़, शतीश नंबरदार, प्रेम नंबरदार, हुकम नंबरदार, अजीत राठी सांखोल, अशोक परनाला, राजमल, सोनू सैनी आदि मौजूद रहे। सभी ने कहा कि खापों का हरियाणा में भाईचारा बनाए रखने में विशेष योगदान है। समाज को सही दिशा देने में भी खाप पंचायतें विशेष योगदान देती हैं। राठी खाप के समाज में योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए चबूतरे के निर्माण का फैसला लिया गया है। इसमें सभी 36 बिरादरी का सहयोग रहेगा।

## भक्तों ने कन्याओं को भोजन करा खोला व्रत



### मंदिरों के द्वार खुलते ही माता के दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लग गई

बहादुरगढ़। रविवार को नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मत्था टेका। माता के जयकारों के बीच भक्तों ने कन्याओं को प्रसाद खिलाकर व्रत खोला। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों ने मां के चरणों में अरदास की। सुबह मंदिरों के द्वार खुलने के बाद से ही माता के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगनी शुरु हो गई। जैसे-जैसे दिन चढ़ा, भीड़ बढ़ती गई।

### घरों में सारा दिन पूजन मन्नतों का दौर चला

माता के जयकारों ने माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया। कई श्रद्धालु मंदिर के बाहर बच्चियों को हलवा-पूरी और छोला-पूरी खिला रहे थे। पंडित महेंद्र शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति का रूप है। हम सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। सारा दिन पूजन, मन्नतों का दौर चलता रहा। जगह-जगह कन्याओं का पूजन हुआ।



## हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु ' हंसकर ' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे ' असीगढ़ ' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

# सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।



जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।



हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए

> अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।

नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को



लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

---

कविता | इन्द्र सिंह लाम्बा



## जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।  
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।  
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।  
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।  
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी।  
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी।  
जब गया सुदामा कृष्ण धौरे दूर कर दी ब्याधा सारी।  
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।  
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम।  
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।  
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।  
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।  
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।  
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।  
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।  
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।  
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या  
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या।  
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या।  
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

जगत में बड़ा बताया प्यार।  
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

---

रागनी | भूपसिंह भारती



## एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।  
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।  
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,  
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं दाये बांये।1।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,  
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,  
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,  
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,  
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,  
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,  
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक

**अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया**

# देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़



इतिहास | यशपाल गुलिया

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।




कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।



अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

---

# सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।






हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है

### यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाडा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में बैग चोरी होने का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने ट्रेन में रेल यात्री का बैग चोरी होने का केस दर्ज किया है। जीआरपी को दर्ज शिकायत में महेंद्रगढ़ के बास सतनाली निवासी सूरज शर्मा ने बताया कि वह ट्रेन से जयपुर से अपने गांव के लिए चला था। रात के समय लोहारू के निकट वह पेशाब करने के लिए चला गया। उसका बैग सीट पर रखा हुआ था। वापस आने पर उसे बैग गायब मिला। बैग में उसका लैपटॉप, कपड़े व अन्य सामान था। ट्रेन में तलाश करने के बाद भी बैग का पता नहीं चला।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने डोहकी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 21 मार्च को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घायल ने गांव के ही लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए थे। इस केस में पुलिस ने डोहकी निवासी सुमेर सिंह व लोकेश को गिरफ्तार किया है।

### यौन शोषण का आरोपी भेजा जेल

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 23 मार्च को नाबालिग का यौन शोषण करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर यूपी के बांकखास निवासी देवेंद्र के खिलाफ पोस्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। उस पर नाबालिग का यौन शोषण करने का आरोप है। पुलिस ने पीड़िज का मेडिकल सामान्य अस्पताल से करवाया था।

### रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जीआरपी ने वेटिंग हॉल के पास बैंच पर बैठे एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिहार के जहांगीरपुर एरौत निवासी कृष्ण कुमार बताया। उसके पास दो बैग मौजूद थे। जीआरपी ने बैग चेक किए तो एक बैग में अलग-अलग ब्रांड की 12 बोतल शराब मिली।

### कोचिंग के लिए घर से गई युवती लापता

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव से कोचिंग के लिए निकली युवती लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी 18 साल की बेटी 5 अप्रैल को घर से कोसली के कोचिंग सेंटर के लिए निकली थी।

## बाबा कांशीगिरी मंदिर में राम नवमी पर्व पर संकीर्तन का आयोजन

# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी हर्षित महतारी



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में संकीर्तन के दौरान नाचते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि





झज्जर। कन्याओं को भोजन करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

- श्रद्धालुओं ने भजन प्रस्तुत किए और नाच गाकर राम नवमी का पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर में राम नवमी पर्व पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि श्रीराम नवमी भगवान विष्णु के सातवें अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाती है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन प्रस्तुत किए और नाच गाकर राम नवमी का पर्व मनाया। तेरा सजा दिया दरबार मैया आ जा ओ..अंदर मां की ज्योत जगे दरबार चमके..बोलते चलो बोलते चलो शेरा वाली की जयकारे बोलते चलो..जयकारें मां के बोलते चलों..शेरा वाली को मनाने हम आए है...हम आए है,भक्तों तुम आए हो..भए प्रगट कृपाला दीनदयाला,कौसल्या हितकारी हर्षित महतारी, मुनि मन हारी, अद्भुत रूप बिचारी..जन्म लियो मेरो रघुरारी अवध पूरी में बहार आई..कमाल कर गई कमाल गर गई मैया तेरी चुनरी कमाल कर गई.. मिश्री से मीठों नाम हमारी राधा रानी को..मैया की बोलों जय जय कार बधाई होवे..महिला सेवा सदस्यों ने भजन प्रस्तुत कर राममय माहौल में श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर शशी बहल, तुशु बहल, नीलम काठपालिया, भावना काठपालिया, उषा काठपालिया, हर्ष चावला, इंदु भुगड़ा, आशा ग्रोवर, सृष्टि रंजन, शशी हंस, नीलम गाबा, किरण अरोड़ा, यशिका रंजन, संतोष हंस, शांति, पूनम, संगीता सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### रामनवमी पर्व पर श्रद्धालुओं ने किया कन्या पूजन

**झज्जर।** रामनवमी पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में पहुंचते हुए भगवान श्रीराम चंद्र की विशेष पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिरों में हवन भी किए गए। शहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने नवरात्र पर्व के समापन पर कन्याओं का पूजन किया। उधर, हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में माता की पूजा अर्चना की।

## पुण्यतिथि पर ताऊ देवीलाल को कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि



बहादुरगढ़। देवीलाल की प्रतिमा पर नमन करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- ताऊ देवीलाल ने अपने जीवन में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए : राठी

पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर इनेलो की ओर से देवीलाल पार्क में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शीला नफे सिंह राठी व भूपेंद्र राठी ने कार्यकर्ताओं के साथ देवीलाल की प्रतिमा पर मा ल्या प र्ण करते हुए उन्हें भावपुष्प अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में संघर्ष स्थल पर भी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने अपने जीवन में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए। जिस कारण वे आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। वे हमेशा देश के मेहनतकश किसानों, मजदूरों की आवाज उठाते थे। ताऊ देवीलाल ने सभी बुजुर्गों की सुविधा के लिए पेंशन योजना लागू की और किसानों के कर्जे माफ कर उन्हें समृद्धशाली बनाने के निर्णय लिए। इनेलो उनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर देवीलाल के सपनों को साकार कर रही है। स्व. नफे सिंह राठी ने भी अपना पूरा जीवन जनहित में लगा दिया। इस मौके पर रामनिवास सैनी, मास्टर सुखबीर सरोहा, पार्षद बिजेंद्र दलाल, मोहित राठी, राजबीर परनाला, ईश्वर छिल्लर, श्यामलाल गुप्ता, चरण सिंह राठी, अशोक परनाला, बलराज खरहर, सोनू सैनी, सतेंद्र दहिया, एडवोकेट विपिन प्रधान, सूरजमल दलाल, बलबीर सांगवान, भूरा पहलवान, नरेंद्र राठी, माया राठी, पार्षद ज्योति राठी व सुनीता सैनी आदिने ताऊ देवीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# जटवाड़ा गुरुद्वारा का साइन बोर्ड लगाया

- भविष्य में यहां पर एक भव्य स्वागत द्वार भी बनाने की योजना है
- बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को प्राचीन गुरुद्वारा ढूंढने में काफी परेशानी होती थी



बहादुरगढ़। साइन बोर्ड के साथ खड़ी चेयरपर्सन सरोज राठी व संगत। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने गुरुद्वारा की संगत की मौजूदगी में जटवाड़ा स्थित प्राचीन गुरुद्वारा के साइन बोर्ड का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां पर एक भव्य स्वागत द्वार भी बनाने की योजना है।

सरदार महेंद्र सिंह टीटू ने बताया कि यह प्राचीन गुरुद्वारा है। यहां गुरु तेग बहादुर जी के पावन चरण भी डले हुए हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को प्राचीन गुरुद्वारा ढूंढने में काफी परेशानी होती थी। अब नगर परिषद द्वारा नजफगढ़ रोड पर चौगान माता के पास गुरुद्वारा स्थल तक पहुंचने का साइन बोर्ड लगाया गया है। एक साइन बोर्ड शिव चौक व एक पुराना बस अड्डा के नजदीक भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर रमेश राठी, संदीप सैनी, महेंद्र राठी, मनमोहित गुप्ता, ठेकेदार सिंह कोहली, अवतार सिंह, जसपाल भाटिया, कीर्त सिंह, सुखदेव भाटिया, रिंकू दुआ, हरपाल पाली, जगदीश चावला, नरेंद्र नीतू, धर्मप्रीत सिंह, प्रभु, भुवनीक सिंह, हरनेक सिंह, नितिन कथुरिया, हर्षल डागर, सत्याकौर, परमजीत कौर, अमिता भाटिया, जसपाल कौर, महेंद्र कौर, मंजू सैनी, बन्नी भाटिया व जसलीन कौर आदि मौजूद रहे।

## सब्जी मंडी परिसर में श्रद्धालुओं ने बांटा हलवा और चने का प्रसाद



झज्जर। सब्जी मंडी में हलवा व चना का प्रसाद वितरित करते हुए दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नवरात्रों के उपलक्ष्य में शहर के गुरुग्राम रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर में हलवा व चना का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजक समिति सदस्य मुकेश सुखीजा ने बताया कि प्रसाद वितरण के दौरान सब्जी मंडी परिसर के दुकानदारों के साथ-साथ मंडी में सामान की खरीददारी करने वाले लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। वे पिछले करीब पैंतीस वर्षों से अपने साथी दुकानदारों के सहयोग से हर नवरात्रों में प्रसाद वितरण करते हैं।

## महंगाई पर सरकार को घेरा



**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई बढ़ोतरी की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का किसी भी वर्ग के हितों से कोई सरोकार नहीं है। चुनाव में जनता को बरगलाकर भाजपा ने सरकार बना ली और अब नित जन विरोधी फैसले लेकर आमजन को परेशान कर रही है। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि बिजली की दरों में वृद्धि करके भाजपा सरकार ने पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे प्रदेशवासियों की मुसीबत और बढ़ा दी है। बिजली दरों में इस मूल्य वृद्धि से जहां नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। वहीं इंडस्ट्री के लिए भी बिजली महंगी कर दी गई है। इससे महंगाई में इजाफा होगा। इसी प्रकार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने लोगों के बीपीएल कार्ड बनवा दिए और अब तानाशाही दिखाते हुए ये कार्ड कैंसिल करवाने की चेतावनी दे रही है। जनता अब भाजपा की ऐसी नीतियों से तंग आ चुकी है।

## राष्ट्र व नागरिकों को समर्पित है भाजपा



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में भाजपा का ध्वज लगाते दिनेश कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

बहादुरगढ़। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद की भावना से आगे बढ़ रही है। देश की एकता व अखंडता के साथ आमजन के हितों को सुरक्षित रखने के लिए भाजपा कार्यरत है। हर वर्ग के लोगों के लिए सरकार की ओर से कार्य किया जा रहा है। रविवार को सेक्टर-2 स्थित भाजपा कार्यालय में दिनेश कौशिक ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ 45वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही पार्टी का ध्वज भी अपने कार्यालय में फहराया। भाजपा पहले दिन से ही भारत और प्रत्येक भारतीय के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए समर्पित है। भाजपा ने देश को विकासात्मक बदलाव की ओर आगे बढ़ाया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने हमेशा राष्ट्र की उन्नति, सुरक्षा और समृद्धि को प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर रामकंवार सैनी, रोहताश प्रधान, विनोद सैनी, संदीप सैनी, सुखबीर सौलधा, ओमप्रकाश, धर्मबीर पंडित, नितिन भारद्वाज, चंद्रपाल पाहसौर, शेखर कौशिक व रवि कौशिक आदि मौजूद रहे।

## भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान व प्राथमिकता मिलती



बहादुरगढ़। भाजपा नेताओं के साथ पार्टी का झंडा लगाते डॉ. पंकज जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. पंकज जैन ने पार्टी के स्थापना दिवस पर गुवाहाटी के नलबारी गांव में ध्वजारोहण किया।भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान और प्राथमिकता मिलती है। यही वजह है कि आज भाजपा पूरे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। गुवाहाटी में भाजपा पार्षद निक्की जलान व जैन समाज के प्रधान नवीन जैन के साथ कार्यालय पर भाजपा का झंडा लगाने के उपरांत डॉ पंकज जैन ने कहा कि भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, चेयरमैन बनकर राष्ट्र व आमजन की सेवा कर सकता है। तमाम राजनीतिक दल परिवारवाद के दलदल में फंसे हुए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश तथा सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# एनएच पर टकराई दो गाड़ियां, एक पुल से नीचे गिर गई, सुरक्षित बच गए कार सवार





रेवाड़ी। टकराकर पुल से नीचे गिरी कार व मौजूद पुलिस, कार से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई दूसरी कार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर रविवार सुबह रुद्ध पुल के पास तेज रफ्तार दो कार आपस में भिड़ गई। धमाके के साथ एक कार फ्लाईओवर से गिर गई, लेकिन कार में सवार लोग सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद एंबुलेंस और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सुबह के समय दो कार जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही थीं। एक मोबाइल कंपनी के पास आगे चल रही कार के चालक ने ब्रेक लिए, तो पीछे चल रही कार उससे टकराने के बाद पुल के नीचे गिर गई। जोरदार आवाज आने के कारण आसपास के लोग बचाव के लिए दौड़ पड़े। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुल से गिरी कार में चालक सहित चार लोग सवार थे, जबकि दूसरी कार में चालक ही था। हादसे को देखते हुए बड़े नुकसान की आशंका जताई जा रही थी, परंतु दोनों कारों में सवार लोग जानलेवा हादसे का शिकार होने से बच गए। मौके पर पहले बावल थाना पुलिस पहुंची थी। बाद में एरिया कसोला थाने का निकला, जिससे कसोला पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

### कार में छलकाए जा रहे थे जाम

पुलिस के अनुसार एक कार में चालक सहित चार लोग सवार थे। इस कार में शराब की बोतल, पानी व नमकीन रखी हुई थी। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कार के अंदर ही जाम छलकाए जा रहे थे। कसोला पुलिस ने हादसे के बाद कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** ईआरवी स्टाफ ने भाड़ावास रोड पशु अस्पताल के पास फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को काबू किया है। बाद में उसे मॉडल टाउन थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी। ईआरवी का स्टाफ वाहनों की चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक को रुकवाकर चेक किया तो बाइक की नंबर प्लेट पर लिख हुए नंबर इंजन व चेसिस नंबरों से मेल नहीं खाते पाए गए। चालानिंग मशीन में इंजन व चेसिस नंबर डालने पर यह बाइक चोरी की मिली, जिसकी पहले ही एफआईआर दर्ज है। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजस्थान के नंगली भलाई निवासी मनोज बताया। ईआरवी स्टाफ ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को बुलाकर बाइक व आरोपी को सौंप दिया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी।

### लगातार सामने आ रहे मामले

एसपी मयंक गुप्ता ने दुपहिया वाहनों के पंजीकरण नंबरों की नियमित जांच के आदेश दिए हुए हैं। यही कारण है कि चेकिंग के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइकें लगातार बरामद हो रही हैं। गत तीन दिनों में तीन बाइक बरामद हो चुकी हैं। एक बाइक पर तो कार के पंजीकरण नंबर की प्लेट लगी हुई मिल चुकी है। ईआरवी स्टाफ भी चोरी की बाइकें पकड़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दो माह के अंतराल में डेढ़ दर्जन बाइक पकड़ी जा चुकी हैं।

**NOTICE**

I, Amit Sharma legal Father of Urvi Sharma R/o H.no. 11/336, Indira Market, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana declares that I have changed my minor daughter's Name from URVI to URVI SHARMA. Her Date of Birth is 26.01.2016. Both names URVI & URVI SHARMA pertain to one and the same person. She shall hereafter be known as URVI SHARMA.

## खबर संक्षेप


झज्जर। पंडित भगवत दयाल शर्मा के समाधि स्थल पर विद्यार्थियों में शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए आशा शर्मा।

### स्कूल बच्चों में वितरित की शिक्षण सामग्री

**झज्जर।** रविवार को बेरी स्थित हरियाणा के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा के समाधि स्थल पर ट्रस्ट की अध्यक्षा आशा शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर स्कूल के विद्यार्थियों में शिक्षण सामग्री वितरित की। उन्होंने विद्यार्थियों में स्टेशनरी का सामान और किताबें देते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत समाधि स्थल पर एक हॉल कमरे का निर्माण करने के लिए नींव भी रखी। इस मौके पर मनीष शर्मा नंबरदार, रामावतार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, राजकुमार शर्मा, ब्राह्मण सभा दुजाना के प्रधान श्रीभगवान शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### हादसे के शिकार युवक को शव परिजनों को सौंपा

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव वजीरपुर के नजदीक हुई बस व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत मामले में रविवार को मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में मृतक रामपाल के साथी दिनेश की शिकायत पर आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। बता दें यह हादसा उस दौरान हुआ जब शनिवार की सुबह बिरोहड़ गांव निवासी दिनेश व रामपाल एक मोटरसाइकिल सवार होकर बेरी के मां भीमेश्वरी मंदिर में दर्शन करने आए थे। बेरी मेले से होकर जब वे वापिस घर लौट रहे थे तो वजीरपुर गांव के नजदीक सड़क पर खड़ी एक बस से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई थी। इस टक्कर में जहां रामपाल की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दिनेश को उपचार के लिए बेरी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक के पीजीआई रैफर कर दिया था। पुलिस को दी शिकायत में दिनेश ने बताया कि वह अपने दोस्त रामपाल के साथ शनिवार को बाइक पर बेरी मेले आए थे।

### छुड़ानीधाम से महामंडलेश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप व साधु संतों ने की अगुवाई

# सनातन रक्षा दल ने निकाली शोभा ध्वजा यात्रा, युवाओं ने दिखाए करतब


बहादुरगढ़। शोभायात्रा निकालते सनातन रक्षा दल के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### कलश, शोभा व ध्वज यात्रा के दौरान व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस तैनात रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सनातन रक्षा दल की ओर से रविवार को भगवान श्री राम की भव्य शोभा व ध्वजा यात्रा निकाली गई। छुड़ानीधाम से महामंडलेश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप व साधु संतों ने रथ पर विराजमान होकर इस यात्रा की अगुवाई की। यात्रा के दौरान भक्त श्रीराम के भजनों पर जमकर झूमे। कलश यात्रा में भी 551 महिलाओं ने भाग लिया। शोभा व कलश यात्रा दौरान सनातन रक्षा दल, अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। ध्वज यात्रा में युवाओं ने शानदार करतब दिखाए। योग साधकों ने भी ध्वज यात्रा में भाग लिया। हवन के बाद दीनबंधु चौधरी छोटूराम धर्मशाला में दीपाली ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कलश, शोभा व ध्वज यात्रा के दौरान व्यवस्था संभालने के लिए जगह-जगह पुलिस तैनात रही। कार्यक्रम संयोजक अश्वनी कुमार बराही ने बताया कि महामंडेश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप समेत सभी साधु संतों और नप चेयरपर्सन सरोज राठी का अभिनंदन किया गया। गिरधारी ने सनातन गीत प्रस्तुत किया। यात्रा दिल्ली-रोहतक रोड, रेलवे रोड, नाहरा-नाहरी रोड, बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन, मेन बाजार, पुरानी कबाड़ी मार्केट, झज्जर रोड से होते हुए दीनबंधु चौधरी छोटूराम धर्मशाला परिसर में संपन्न हुई। इसके बाद यहां विशाल भंडारा भी लगाया गया। इस दौरान नगेंद्र लाकड़ा, राकेश शर्मा, नीरज वत्स, प्रमोद कौशिक, कांता दलाल, धर्मेश वशिष्ठ, नरेश भारद्वाज, डा. अजीत आनंद, दिनेश, ऋषभ, हरीश, पूजा, प्रदीप सिन्हा, जितेंद्र नरवाल, डॉ. अशोक दीक्षित, धर्मबीर देशवाल व प्रवीन परनाला आदि मौजूद रहे।



झज्जर। तिलक शोभायात्रा के दौरान निकली आकर्षक झांकियां। फोटो: हरिभूमि

## शहर भर में धूमधाम से निकली भगवान राम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 के शुभ आगमन पर नवरात्र एवं चैत्र शुक्ल पक्ष की रामनवमी को शहर में भगवान राम को सूर्य तिलक करने उपरांत उनकी तिलक शोभायात्रा निकाली गई। प्राचीन रामलीला कमेटी के प्रधान अंकुश दूहन ने बताया कि यह तिलक शोभायात्रा शहर के बहादुरगढ़ रोड स्थित श्री प्राचीन रामलीला मैदान से शुरू होकर शहर के सिलानी गेट, त्रिमूर्ति मंदिर, यादव धर्मशाला, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक से होते हुए मेन बाजार डायमंड चौक, हनुमान मंदिर, चौपटा बाजार से होते हुए वापिस रामलीला मैदान परिसर पहुंची। शोभायात्रा में जहां सर्व प्रथम भगवान श्रीगणेश की झांकी थी वहीं उसके बाद विशालकाय बजरंगबली, श्रीराधा-कृष्ण का नृत्य, आकर्षक बैंड, भगवान श्रीराम तथा आखिर में मां दुर्गा की झांकी शामिल रही। इस दौरान श्रद्धालु देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।


झज्जर। बैठक के दौरान संबोधित करते हुए मुख्यातिथि स्वदेश कबीर।

## राज्य स्तरीय कबीर जयंती समारोह के लिए किया मंथन

### बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलें

- प्रधान मांगेराम नंदा ने बताया कि बैठक में डीएससी समाज के अध्यक्ष स्वदेश कबीर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

धानक समाज उत्थान समिति की ओर से रविवार को शहर के पुराना तहसील रोड स्थित धानक धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आगामी जून में मनाए जाने वाले संत कबीर जयंती समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समिति प्रधान मांगेराम नंदा ने बताया कि बैठक में डीएससी समाज के अध्यक्ष स्वदेश कबीर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में समाज के लोगों को जहां बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्ग शिक्षित बनो, संगठित रहो व आगे बढ़ो के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया वहीं संत कबीरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न दोहों के माध्यम से उनके आदर्श व्यक्तित्व की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने समिति सदस्यों के साथ मिलकर संत कबीरदास जी की राज्य स्तरीय जंयती मनाने को लेकर विचार विमर्श किया तथा जयंती मनाए जाने को लेकर आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने के संबंध में भी चर्चा की। समिति प्रधान मांगेराम नंदा, सरंक्षक बलवान सरौहा, सुदाम सिंह नागर, राजेंद्र कायत, अंजीत कबलाना, विकास नागर, अमित नागर आदि द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस मौके पर डॉक्टर हरिओम खनगवाल, महाबीर प्रधान, नानू ठेकेदार, सुभाष सौलंकी, मुकेश सौलंकी, राकेश सौलंकी, एडवोकेट रवि इंदौरा, देवीदर्शन नंदा, प्रवीण कायत, कृष्ण खटक, संजीव खनगवाल, भीम किराड़, सुखदेव शेरिया, जयपाल दुजाना, अशोक, धनवीर, डॉक्टर हरीश, डॉक्टर संजय, राजेंद्र सुलौधा, राजकुमार, मास्टर सुशील सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## सर्वसम्मति से चुने गए भाविप पदाधिकारी

- सुनील बंसल की अध्यक्षता में आगामी वर्ष 2025-26 के लिए शाखा पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। भाविप की विवेकानंद शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारी।

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के सदस्यों ने अध्यक्ष सुनील बंसल की अध्यक्षता में आगामी वर्ष 2025-26 के लिए शाखा पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी उपस्थित रहे।

मुरारीलाल गोयल को शाखा अध्यक्ष, नीरज गर्ग को सचिव, चंचल गर्ग को कोषाध्यक्ष चुना गया। मूलचंद जोशी, सतीश शर्मा, प्रवीण शर्मा और पवन जैन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। सभी सदस्यों से संगठित होकर एकजुटता से सेवा एवं संस्कार कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रवीण सिंगला, हरिकिशन, अशोक त्यागी, घनश्याम गुप्ता, संदीप दलाल, सुशील अग्रवाल, संजय कुमार, महेंद्र अग्रवाल, भूषण गुप्ता, कपिल गोयल, अशोक कुमार, राजबीर बंसल, गजानंद गर्ग, राजकुमार, मनीष मितल और दीपक गर्ग आदि मौजूद रहे।

### जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आज

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह दस से बारह बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बहादुरगढ़, बादली व बेरी लघु सचिवालयों में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे।

## खाप सम्मेलन में अनिल सम्मानित

- इस्माइला में अखिल भारतीय लववंशीय लौरेस खत्री खाप सम्मेलन में हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष को नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। सम्मेलन में अनिल खत्री का सम्मान करते खाप सरदारी।

हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री का इस्माइला गांव में आयोजित अखिल भारतीय लववंशीय लौरेस खत्री खाप सम्मेलन में अभिनंदन किया गया। वे भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष और हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव भी हैं। अनिल खत्री की उपलब्धियों को देखते हुए खत्री खाप सम्मेलन में आयोजकों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खत्री खाप के प्रधान रणबीर खत्री और नरेला से विधायक रामकरण खत्री ने भी अनिल की उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी। अनिल खत्री ने कहा कि खाप के मान सम्मान के लिए वो दिन रात काम करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों में युवाओं का भविष्य भी उज्ज्वल है। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष के नाते उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी खेलों के उत्थान के लिए काम कर रही है। किसी खिलाड़ी को आगे बढ़ने में आने वाली आर्थिक दिक्कतों को दूर करने में भी हरियाणा ओलंपिक संघ सदैव तैयार है। इस दौरान सुरेश जून, कोच साई जाधव व पहलवान नवीन खत्री भी मौजूद रहे।

### सेक्टर-2 और 13 सेवा केंद्र में हुए कार्यक्रम



**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-13 और सेक्टर-2 के साथ सेवाकेंद्र पर नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रमों में सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। नवरात्र का अर्थ समझाया गया। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके विनीता बहन और बीके रेणु दीदी ने नवरात्र के आध्यात्मिक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्र आत्मा की 9 शक्तियों को जागृत करने का प्रतीक पर्व है। जिसमें आत्मिक साधना और देवी स्वरूप को धारण करने की प्रेरणा मिलती है। हर देवी स्वरूप का गूढ़ और प्रेरणादायक आध्यात्मिक अर्थ भी विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में बीके जयपाल, बीके इंदू, बीके नवीन और बीके पंकज ने माता रानी की मधुर भेंटें गाई।




### रेखाचित्र के माध्यम से भगवान श्रीराम को किया नमन

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में श्रीराम नवमी के अवसर पर भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने एक विशाल रंगोली रेखाचित्र बनाकर भगवान श्रीराम को नमन किया। उन्होंने इस रंगोली में भगवान श्रीराम के रेखाचित्र के साथ भव्य राम मंदिर भी बनाया। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ स्कूल परिसर में बनाए गए भगवान श्रीराम के रेखाचित्र को नमन किया। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## आर्य साहित्य अमृत समान हितकारी

- आर्य समाज का मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बलबीर।

आर्य साहित्य ब्रह्मचर्य छोड़ जीवन में भटक रही युवा शक्ति, नवयुवकों के लिए अमृत स्वरूप हितकारी है। आर्य साहित्य, गीता आदि में निहित ज्ञान स्वयं ही युवाओं को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। यह बात प्रोफेसर डॉक्टर बलबीर आचार्य ने रविवार को आर्य समाज द्वारा आयोजित मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने दर्शनों में विविध दुःखों के कारण पर विस्तार से चर्चा की। श्रीमद्भगवत गीता में निहित दान के विषय पर चर्चा करते हुए आचार्य बलबीर ने कहा कि दान करने से अक्षय पुण्य मिलता है वहीं दान करने से बुरे कर्म नष्ट हो जाते हैं और अच्छे कर्मों का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि दान करने से मन की शांति, मनोकामना पूर्ति और भगवान का आशीर्वाद मिलता है। कार्यक्रम में स्वामी विरजानंद गुरुकुल इंदौर से पहुंचे आचार्य विरजानंद ने स्वामी दयानंद द्वारा समाज को दी नई दिशा पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई जिसमें आचार्य शतकर्तु यज्ञ ब्रह्मा रहे। वहीं रविवार को राम नवमी के अवसर पर डॉक्टर जेके सरदाना, आचार्य गार्गी, नंदिनी, जितेंद्र बरानी व आर्य दलीप सिंह ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान राजीव आर्य, महामंत्री लाला प्रकाशवीर आर्य व अन्य मौजूद रहे।

### डीजीसीए सीपीएल परीक्षा उत्तीर्ण करके रौनक ने किया पायलट बनने का सपना साकार

**झज्जर।** संस्कारम् स्कूल के विद्यार्थी रौनक बिरमान ने डीजीसीए सीपीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्कारम् ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि डीजीसीए से कमर्शियल पायलट लाइसेंस अर्थात सीपीएल की परीक्षा पहले प्रयास में ही पास करके रौनक ने पायलट बनने का अपना सपना पूरा कर दिखाया है। अब रौनक शीघ्र ही किसी कंपनी का विमान उड़ाकर यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने में कामयाब होंगे। रौनक ने बचपन से ही यह सपना देख रखा था कि इस मुकाम तक पहुंचना है। वह पढ़ाई में शुरू से ही होशियार हैं, बोर्ड की दसवीं व बारहवीं कक्षा में भी उन्होंने बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षाएं पास की थीं। इस उपलब्धि पर चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने रौनक और उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


रौनक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### संस्कारम् हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा शेकुपुर माजरी में लगाया शिविर

# स्वास्थ्य शिविर का 270 मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर


झज्जर। शिविर में मौजूद चिकित्सकीय टीम एवं ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

संस्कारम् हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा शेकुपुर माजरी गांव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम की सरपंच बिल्लो रानी द्वारा किया गया। उन्होंने संस्कारम हॉस्पिटल के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सुलभ उपचार का सशक्त माध्यम हैं। शिविर में सेवाएं दे रहे डॉक्टर तरुण, डॉक्टर अंशिका, डॉक्टर अजय, मीना, मुकेश, मोहित तथा रोहित ने मरीजों की समस्याएं सुनीं और उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से जोड़ों के दर्द, उच्च रक्तचाप, त्वचा रोग, स्त्री रोग एवं सामान्य बुखार आदि की जांच की और लोगों को इन रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इसके अलावा शरीर के जोड़ दर्द, अकड़न, सूजन आदि के बारे में भी ग्रामीणों को अवगत कराते हुए इनके बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, सुबह की धूप और संयमित जीवनशैली अपनाने बारे प्रेरित किया। इस दौरान कुल 270 मरीजों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे : डॉ. महिपाल

संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल उपचार नहीं, बल्कि जन-जन तक स्वास्थ्य की सुलभ पहुंच सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य सेवा शिविर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग भी बनाते हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि हम समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित कर ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाते रहें।

### विद्यार्थियों ने दयाभाव का महत्व बताया

**बहादुरगढ़।** नाहरा-नाहरी रोड स्थित श्रीस्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में गतिविधि दिवस मनाया गया। इसमें बाल वाटिका-1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बाल वाटिका-1 के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से दयाभाव को अपनी जिम्मेदारी बताया। बालवाटिका-2 और 3 के विद्यार्थियों ने स्वस्थ आदतें अभिनय करके दिखाई। पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने कहानी सुनाई तथा रचनात्मक लेख लिखा। तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अभिनय के साथ सांस्कृतिक कहानी सुनाई। छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा पर भाषण दिया।